# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड

**नमूना प्रश्न –पत्र 2025–26**

**कक्षा : बारहवीं** **विषय : हिन्दी (आधार)** **कोड : 502**

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

## सामान्य निर्देश –

1 इस प्रश्नपत्र में दो खण्ड हैं– **खण्ड (अ)** और **खण्ड (ब)**।

**2 खंड (अ)** में बहुविकल्पीय और **खंड (ब)** में वर्णनात्मक प्रश्न हैं।

3 **खण्ड अ** में कुल 6 प्रश्नों के 30 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए हैं।

3 **खंड ब** में कुल 9 प्रश्न हैं। निर्देशानुसार विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

4 प्रश्नपत्र के दोंनों खंडों में प्रश्नों की कुल संख्या 15 है और सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

5 प्रश्नों का उत्तर लिखते समय प्रश्न क्रम संख्या अवश्य लिखें।

6 सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखें।

## खण्ड– (अ)

### बहुविकल्पीय प्रश्न

**प्रश्न 1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **5 X 1= 5**

संसार में शांति, व्यवस्था और सद्भावना के प्रसार के लिए बुद्ध, ईसा, मुहम्मद ,चैतन्य, नानक आदि महापुरुषों ने धर्म के माध्यम से मनुष्य को परम कल्याण के पथ का निर्देश किया, किन्तु बाद में यही धर्म मनुष्य के हाथ में एक अस्त्र बन गया। धर्म के नाम पर पृथ्वी पर जितना रक्तपात हुआ उतना ओर किसी कारण से नहीं। पर धीरे–धीरे मनुष्य अपनी शुभ बुधि से धर्म के कारण होने वाले अनर्थ को समझने लग गया है। भौगोलिक सीमा और धार्मिक विश्वासजनित भेदभाव अब धरती से मिटते जा रहे हैं। विज्ञान की प्रगति तथा संचार के साधनों में वृद्धि के कारण देशों के दूरियां कम हो गई हैं। इसके कारण मानव–मानव में घृणा , वैमन्सय कटुता में कमी आई है। मानवीय मूल्यों के महत्त्व के प्रति जागरुकता उत्नन्न करने का एकमात्र साधन है शिक्षा का व्यापक प्रसार।

Visit CollegeDekho

(क) **मनुष्य अधर्म के कारण होने वाले अनर्थ को कैसे समझने लगा है**?

(i) संतों के अनुभव से

(ii) वर्ण भेद से

(iii) घृणा, ईर्ष्या, वैमनस्य, कटुता से

(iv) अपनी शुभ बुधि से

(ख) **कथन (A) और (R) को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए।**

कथन (A) **लेखक ने गद्यांश में देशों की दूरियाँ कम होती दर्शायी हैं।**

कारण (R) विज्ञान की प्रगति और संचार के साधनों की वृद्धि का परिणाम **है।**

(i) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) गलत है।

(ii) कथन (A) सही नहीं है और कारण (R) इसकी गलत व्याख्या करता है।

(iii) कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी सही व्याख्या करता है।

(iv) कथन (A) सही है किंतु कारण (R) उसकी गलत व्याख्या है।

(ग) संसार में शांति, व्यवस्था और सद्‌भावना के प्रसार के लिए किन महापुरुषों ने धर्म के माध्यम से मनुष्य को परम कल्याण के पथ का निर्देश किया ?

(i) केवल बुद्ध ने

(ii) ईसा और मुहम्मद दोनों ने

(iii) बुद्ध, ईसा, मुहम्मद ,चैतन्य और नानक ने

(iv) इनमें से किसी ने नहीं

(घ) देश में मानव के बिच घृणा, ईर्ष्या, वैमनस्यता एवं कटुता में – – –कमी नहीं आई है ?

(i) नफ़रत से

(ii) सांप्रदायिकता से

(iii) अमीरी गरीबी के कारण

(iv) वर्ण-भेद के कारण

**(ङ) मानवीय मूल्यों के महत्त्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है**

(i) शिक्षा का व्यापक प्रसार

(ii) धर्म का व्यापक प्रसार

Visit CollegeDekho

(ii) प्रेम और सद्भावना का व्यापक प्रसार

(iv) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 2 निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1 X 5 = 5

ऐसा है आवेश देश में जिसका पार नहीं।
देखा माता का ऐसा रक्तिम श्रृंगार नहीं।
कंठ- कंठ में गान उमड़ते माँ के वंदन के।
कंठ- कंठ में गान उमड़ते माँ के अर्चन के।
शीश- शीश में भाव उमड़ते माँ पर अर्पण के।
प्राण- प्राण में भाव उमड़ते शोणित तर्पण के।
जीवन की धारा में देखी ऐसी धार नहीं।
सत्य अहिंसा का व्रत अपना कोई पाप नहीं।
विश्व मैत्री का व्रत भी कोई अभिशाप नहीं।
यही सत्य है सदा असत की टिकती चाप नहीं।
सावधान हिंसकप्र !तिहिंसा की कोई माप नहीं।
कोई भी प्रस्ताव पराजय का स्वीकार नहीं।
ऐसा है आवेश देश में जिसका पार नहीं।

(क) उपरोक्त पद्यांश में किसके आवेश' का उल्लेख हुआ है?

(i) माता के

(ii) देश के

(iii) शत्रु के

(iv) इनमें से कोई नहीं

**(ख) कवि के मतानुसार असत्य है**

(i) स्थायी

(ii) व्रत

(iii) अभिशाप

(iv) अस्थायी

Visit CollegeDekho

**(ग) 'रक्ति श्रृंगार' का अर्थ है**

(i) वीर सपूतों का रक्त बलिदान करना

(ii) रक्त बहाना

(iii) शत्रु का खून बहाना ।

(iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

**(घ) 'शोणित तर्पण' का अर्थ है**

(i) खून बहाकर आक्रमणकारी के पितरों का श्राद्ध करना

(ii) शत्रु का शोषण करना

(iii) दुखी होकर श्राद्ध करना

(iv) वीर सपूतों का रक्त बलिदान करना

**(ङ)** पद्यांश में 'माता' का प्रतीक है–

(i) देवी की

(ii) विश्वमैत्री की

(iii) सत्य-अहिंसा की

(iv) राष्ट्र (देश) की

प्रश्न 3 काव्य पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 X 1= 5

(क) 'पतंग' कविता में **कपास** किसका प्रतीक है?

(i) कठोरता

(ii) कोमलता

(iii) नरमाई

(iv) सफेदी

(ख) भाषा के क्या करने से बात और अधिक पेचीदा हो गई?

(i) उलटने–पलटने (ii) तोड़ने–मरोड़ने

(iii) घुमाने–फिराने (iv) उपरोक्त सभी

Visit CollegeDekho

(ग) ' जीर्ण बाहु, है शीर्ण शरीर '– यहाँ **शीर्ण** का क्या अर्थ है ?

(i) घायल (ii) क्षीण

(iii) अशांत (iv) शांत

(घ) ' कागज का पन्ना' के लिए कवि ने क्या उपनाम दिया ?

(i) चौकोना खेत (ii) अनाज का भण्डार

(iii) बीज (iv) रस का अक्षय पात्र

(ङ) 'दिन जल्दी–जल्दी ढलता है' कविता में दिन का पंथी किसे माना गया है ?

(i) चिड़िया को (ii) पत्नी को

(iii) कवि को (iv) सूर्य को

प्रश्न 4 **गद्य पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** 5 x 1= 5

(क) भक्तिन के ससुरालवालों ने उसके पति की मृत्यु पर उसे पुनर्विवाह के लिए इसलिए कहा ताकि – – – – –।

**(i)** भक्तिन सुखी जीवन व्यतीत कर सके

**(ii)** भक्तिन की घर–संपत्ति को हथिया सकें

**(iii)** भक्तिन से छुटकारा पा सकें

**(iv)** भक्तिन को पुनः समाज में सम्मान दे सकें

(ख) **'बाज़ार दर्शन' पाठ में लेखक ने किस प्रकार के बाज़ार को मानवता का शत्रु कहा है?**

**(i)** छल–कपट तथा शोषण पर आधारित

**(ii)** ईमानदारी पर आधारित

**(iii)** भगत जी के आचरण से

**(iv)** योजना बनाकर बाज़ार जाना

(ग) **शिरीष के फूल को संस्कृत साहित्य में – – – – माना गया है।**

Visit CollegeDekho

**(i)** कठोर

**(ii)** कोमल

**(iii)** सख्त

**(iv)** मजबूत

(घ) **समतामूलक समाज में श्रम का विभाजन – – के आधार पर किया जाता है।**

**(i)** धर्म

**(ii)** जाति

**(iii)** दक्षता

**(iv)** बेरोजगारी

(ङ) **'पहलवान की ढ़ोलक' नामक पाठ के आधार पर कॉलम अ को कॉलम ब से सुमेलित करके सही विकल्प चुनिए।**

| **कॉलम अ** | **कॉलम ब** |
|---|---|
| 1 धिना–धिना , धिक– धिना! | (i) उठा पटक दे! उठा पटक दे!! |
| 2 चट्–धा, गिड–धा– – चट्–धा, गिड–धा | (ii) चित करो , चित करो। |
| 3 चटाक्– चट्– धा, चटाक्– चट्– धा | (iii) आ जा , भिड़ जा |

**(i)** 1– (i) , 2–(ii) , 3– (iii)

**(ii)** 1 –(ii) , 2–(iii) , 3– (i)

**(iii)** 1 –(iii) , 2–(i) , 3 –(ii)

**(iv)** 1 –(ii) , 2–(i) , 3– (iii)

प्रश्न 5 **अभिव्यक्ति एवं माध्यम** पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5 X 1= 5

(क) मुद्रित माध्यमों की सीमा या कमजोरी के विषय में निम्न में से कौन–सा कथन असत्य है? 1

(i) इसे आप धीरे–धीरे आराम से पढ़ सकते हैं।

(ii) निरक्षरों के लिए समाचार पत्र किसी काम के नहीं हैं।

Visit CollegeDekho

(iii) इसमें समाचारों को प्रकाशन के लिए स्वीकार करने की समय–सीमा होती है।

(iv) इसमें अन्य संचार माध्यमों की तरह तुरंत घटी घटनाओं को प्रकाशित नहीं कर सकते।

(ख) सन् 1996 से 2002 के बीच अमेरिका में कितने लोगों को डॉटकॉम की नौकरियों से हाथ धोना पड़ा ? 1

(i) दो लाख लोगों को

(ii) तीन लाख लोगों को

(iii) चार लाख लोगों को

(iv) पाँच लाख लोगों को

(ग) सुव्यवस्थित, सृजनात्मक और आत्मनिष्ठ लेखन को पत्रकारिता की भाषा में – – – – कहते हैं। 1

(i) आलेख

(ii) फ़ीचर

(iii) स्तम्भ लेख

(iv) विशेष लेख

(घ) ड्राई एंकर की परिभाषा को निम्न में से कौन–सा कथन सार्थक करता है? 1

(i) समाचार पत्र तक सूचना भिजवाता है।

(ii) फ्लैशबैक न्यूज के लिए लेखन करता है।

(iii) दृश्यों के बिना खबर को सीधे–सीधे दर्शकों को बताता है।

(iv) पहले प्रसारित न्यूज को पुनः प्रसारित करता है।

(ङ) जनसंचार की खूबियों को **कालम (A)** को **कालम (B)** के कथन के साथ सुमेलित करके उचित विकल्प चुनिए। 1

| | **कालम (A)** | | **कालम (B)** |
|---|---|---|---|
| 1 | इन्हें हम धीरे–धीरे और जब चाहें पढ़ सकते हैं। | (i) | टेलीविजन |
| 2 | देखने–सुनने की सुविधा है। | (ii) | इंटरनेट |
| 3 | सर्वाधिक तीव्र माध्यम है। | (iii) | रेडियो |
| 4 | अनपढ़ भी सुन सकते हैं। | (iv) | मुद्रण |

(i) 1– (i) , 2–(ii) , 3– (i) , 4– (ii)

Visit CollegeDekho

(ii) 1– (ii) , 2–(iv) , 3– (iii) , 4– (i)

(iii) 1– (iii) , 2–(iv) , 3– (ii) , 4– (i)

(iv) 1– (iv) , 2–(i) , 3– (ii) , 4– (iii)

प्रश्न 6 व्याकरण पर आधारित निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 1X5=5

(क) **'रीत्यानुसार' शब्द का सन्धि–विच्छेद – – – – है।** 1

**(i)** रीत + अनुसार

**(ii)** रीत् + अनुसार

**(iii)** रीति + अनुसार

**(iv)** रीत्य + अनुसार

(ख) **निम्नलिखित में कॉलम A को कॉलम B के शब्दों को उचित सन्धि से मिलान कीजिए।** 1

| **कॉलम A** | **कॉलम B** |
|---|---|
| 1 चवन्नी | (i) कर्मधारय समास |
| 2 धीरे –धीरे | (ii) द्विगु समास |
| 3 जल –थल | (iii) द्वंद्व समास |
| 4 कमल नयन | (iv) अव्ययीभाव समास |

**(i)** 1 (ii) , 2(iv) , 3 (ii) , 4 (i)

**(ii)** 1 (i) , 2(ii) , 3 (iii) , 4 (iv)

**(iii)** 1 (iii) , 2(i) , 3 (iv) , 4 (ii)

**(iv)** 1 (iv) , 2(ii) , 3 (i) , 4 (iii)

(ग) **निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य छाँटिए ।** 1

**(i)** यह काम मैं आसानीपूर्वक कर सकता हूँ।

**(ii)** यह काम मैं आसानी के साथ कर सकता हूँ।

**(iii)** यह काम मैं आसानी सहित कर सकता हूँ।

**(iv)** यह काम मैं आसानी से कर सकता हूँ।

Visit CollegeDekho

(घ) **' मैंने गुनगुने गर्म पानी से स्नान किया'**। इस वाक्य में क्या दोष है ? 1

**(i)** शब्द–क्रम संबंधी

**(ii)** मुहावरे संबंधी

**(iii)** पुनरुक्ति संबंधी

**(iv)** परसर्ग संबंधी

(ङ) **' योगदान '** में – – – समास है। 1

**(i)** अव्ययीभाव

**(ii)** कर्मधारय

**(iii)** बहुब्रीहि

**(iv)** तत्पुरुष

---

## खण्ड– ब

## वर्णनात्मक प्रश्न

---

**प्रश्न 7 निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।** **5**

मैं निज रोदन में राग लिए फिरता हूँ ,
शीतल वाणी में आग लिए फिरता हूँ ,
हों जिस पा भूपों के प्रसाद निछावर,
मैं वह खंडहर का भाग लिए फिरता हूँ।

**अथवा**

**निम्नलिखित पद्यांश के प्रश्नों का उचित उत्तर दीजिए।**

अट्टालिका नहीं है रे
आतंक– भवन
सदा पंक पर ही होता
जल– विप्लव–प्लावन,
क्षुद्र प्रफुल्ल जलज से

Visit CollegeDekho

सदा छलकता नीर,
रोग–शोक में भी हँसता है
शैशव का सुकुमार शरीर।

**प्रश्न** :

**(i)** कवि और कविता का नाम लिखिए । 1

**(ii)** क्रान्ति का प्रभाव सदा किस वर्ग पर और किस रूप में पड़ता है? 1

**(iii)** पंक और अट्टालिका किसके प्रतीक हैं? 1

**(iv)** रोग–शोक में भी शैशव का सुकुमार शरीर क्यों हँसता रहता है? 1

**(v)** 'क्षुद्र प्रफुल्ल जलज से सदा छलकता नीर' का भाव स्पष्ट कीजिए। 1

**प्रश्न 8 काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए। 3 + 2 = 5**

(क) 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। 3

(ख) हनुमान ने भरत के किन गुणों की प्रशंसा की थी और कैसे ? 2

**प्रश्न 9 निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । 5**

विद्रोह नहीं, प्रसन्नता ही भीतर है, क्योंकि कोई रिक्त भीतर नहीं है। देखता हूँ कि खुली आँख, तुष्ट और मन , वह चौक बाज़ार में से चलते चले जाते हैं। राह में बड़े–बड़े फैंसी स्टोर पड़ते हैं, पर पड़े रह जाते हैं। कहीं भगत नहीं रुकते। रुकते हैं तो एक छोटी पंसारी की दुकान पर रुकते हैं। वहाँ दो–चार अपने काम की चीज़ ली और चले आते हैं। बाज़ार से हठ पूर्वक विमुखता उनमें नहीं है।

**अथवा**

**निम्नलिखित गद्यांश के प्रश्नों का उचित उत्तर दीजिए।**

किसी भी आदर्श समाज में इतनी गतिशीलता होनी चाहिए जिससे कोई भी वांछित परिवर्तन समाज के एक छोर से दूसरे छोर तक संचारित हो सके। ऐसे समाज के बहुविधि हितों में सबका भाग होना चाहिए तथा सबको उनकी रक्षा के प्रति सजग रहना चाहिए। सामाजिक जीवन में अबाध संपर्क के अनेक साधन व अवसर उपलब्ध रहने चाहिए। तात्पर्य यह है कि दूध–पानी के मिश्रण की तरह भाईचारे का वास्तविक

Visit CollegeDekho

रूप है और इसी का दूसरा नाम लोकतंत्र है। क्योंकि लोकतंत्र केवल शासन की एक पद्धति ही नहीं है, लोकतंत्र मूलतः सामूहिक दिनचर्या की एक रीति तथा समाज के सम्मिलित अनुभवों के आदान–प्रदान का नाम है, इनमें यह आवश्यक है कि अपने साथियों के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव हो।

**प्रश्न :**

**(i)** लेखक और पाठ का नाम लिखिए। 1

**(ii)** लेखक ने समाज में कैसे भाईचारे का समर्थन किया है ? 1

**(iii)** सक्षम श्रमिक समाज का निर्माण करने के लिय क्या आवश्यक है? 1

**(iv)** लेखक ने समाज में किस प्रकार की गतिशीलता की बात की है? 1

**(v)** आपके विचार से श्रम विभाजन का आधार क्या होना चाहिए ? 1

**प्रश्न 10 गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए। 3 + 2 = 5**

(क) 'काले मेघा पानी दे' संस्मरण का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 3

(ख) लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत क्यों माना है ? 2

प्रश्न 11 निम्न प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए। 5

**मतदान का महत्त्व** अप्रत्याशित विषय पर एक रचनात्मक लेख लिखिए। 5

अथवा

कहानी को नाट्य–रूपांतरण करते समय किन–किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है?

**प्रश्न 12 निम्नलिखित दो प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए।** 3 + 2 = 5

(क) रेडियो के लिए नाटक किस प्रकार लिखा जाता है ? 3

(ख) प्रिंट माध्यम की किन्हीं दो–दो लाभ व हानियाँ लिखिए । 2

**प्रश्न 13 'वितान भाग–2' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए। 3 + 2 + 2 = 7**

(क) आनंदा की कोई तीन चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए। 3

(ख) 'अतीत में दबे पाँव' में वर्णित महाकुड का वर्णन कीजिए। 2

Visit CollegeDekho

(ग) यशोधर बाबू अपने ही घर में बेचारे व असहाय कैसे बन गए? 2

**प्रश्न 14 'व्याकरण'** पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकों के अनुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए। 3+2 = 5

(क) (i) रूपक अलंकार का लक्षण उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 2

(ii) '**काली घटा का घमण्ड घटा** ' में अलंकार का नाम लिखिए । 1

(ख) **स्वर संधि** को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए । 2

प्रश्न 15 **'आदर्श जीवन मूल्य (उत्तरा)'** पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दर्शाए गए अंकानुसार उपयुक्त शब्दों मे दीजिए। 2 X 4 = 8

(क) जीवन पथ पर सफलता पाने के लिए क्या जरूरी है?

(ख) हमें मन में क्या नहीं रखना चाहिए और क्यों ?

(ग) मन का आहार क्या है ?

(घ) दुर्गा भाभी के मन पर किन घटनाओं का गहरा आघात लगा ?

Visit CollegeDekho